# मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएँ

## चर्चा में क्यों?

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने मध्य प्रदेश के **धार ज़िले** में ₹**5800 करोड़** की लागत वाली **10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं** का **लोकार्पण व शिलान्यास** किया।

## मुख्य बिंदु

- **मुद्दे के बारे में:**
- **मंत्री के अनुसार एक वर्ष** में **₹3 लाख करोड़** के बुनियादी ढाँचे से जुड़े कार्य पूरे कर दिये जाएंगे।
- बेहतर सड़कें **लॉजिस्टिक्स लागत** को घटाती हैं, जिससे **मेक इन इंडिया"** और **निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था** को बल मिलता है। साथ ही **रक्षा तैयारियों** के लिये भी राष्ट्रीय राजमार्ग एक रणनीतिक संपत्ति हैं।

## मेक इन इंडिया' पहल

- **परिचय**
    - **वर्ष 2014 में लॉन्च किये गए मेक इन इंडिया का मुख्य उद्देश्य देश को एक अग्रणी वैश्विक विनिर्माण और निवेश गंतव्य में बदलना है।**
    - इसका नेतृत्व **उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (Department for Promotion of Industry and Internal Trade- DPIIT), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय,** भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है।
    - यह पहल दुनिया भर के संभावित निवेशकों और भागीदारों को 'न्यू इंडिया' की विकास गाथा में भाग लेने हेतु एक खुला निमंत्रण है।
    - मेक इन इंडिया ने **27 क्षेत्रों में पर्याप्त उपलब्धियाँ हासिल की हैं।** इनमें विनिर्माण और सेवाओं के रणनीतिक क्षेत्र भी शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-highway-projects-in-madhya-pradesh